तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **रमेश बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार बावड़ी)** सू.अ.अ. अपील संख्या 392 / 2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
02-01-2023	अपीलार्थी रमेश पुत्र अखाराम, पता केलावा कला जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 04.10.2022 में (1) ग्राम केलावा कला मे प्रशासन गांवों के संग अभियान में गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्ति हेतु प्रार्थना पत्र पेश किया जिसका पटवारी व भू–अभिलेख अधिकारी, तहसीलदार द्वारा कार्यवाही का उल्लेख कर प्रमाणित प्रतिं, से संबंधित सूचना के लिए ,लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बावड़ी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार बावड़ी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार बावड़ी) से जरिये पत्रांक 1110 दिनांक 05.12.2022 तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी / अपीलार्थी को इस कार्यालय के पत्रांक राजस्व / 2022 / 1041 दिनांक 11.11.2022 के द्वारा सूचना भिजवा दी गई है। चूंकि् लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना अपीलार्थी को् प्रेषित की गई, अतः अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो।	